भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्नल संख्या906

जिसका उत्तार शुक्रवार, 07 फरवरी, 2025/18 माघ, 1946 (शक) को दिया जाना है।

उर्वरकों की भारी कमी

906. श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:
श्री ज्ञानेश्वरर पाटील:
श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:

क्याम रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्यास मध्यम प्रदेश, महाराष्ट्र और दादरा और नगर हवेली में पोटाश , यूरिया और डाई-अमोनियम फॉस्फेीट (डीएपी) उर्वरकों की भारी कमी है
(ख) यदि हां , तो तत्संउबंधी ब्यौीरा क्या0 है और इसके क्याो कारण हैं
(ग) क्याह सरकार का विचार उर्वरकों की आपूर्ति करना है और दादरा और नगर हवेली सहित राज्ये/संघ राज्यकक्षेत्रवार सहित भुगतान/राजसहायता का ब्यौ रा क्या है
(घ) क्या/ सरकार को छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) सहित महाराष्ट्रय , मध्यय प्रदेश और दादरा और नगर हवेली से इन राज्यों को उक्तर उर्वरकों की आपूर्ति के लिए कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है और
(ड.) यदि हां , तो इन पर की गई कार्रवाई का ब्यौतरा क्याआ है

<u>उत्तडर</u>

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): चालू रबी मौसम 2024-25 (03.02.2024 तक) के दौरान यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस की उपलब्धता मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा दादर और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र में पर्याप्त बनी रही है जो निम्न तालिका में दर्शाई गई है:-

<आंकड़े एलएमटी में>

रबी 2024-25 के दौरान 01.10.2024 से 03.02.2025 तक मध्य प्रदेश में उर्वरक उपलब्धता की स्थिति				
उत्पाद	**मौसमी आवश्यकता**	**01.10.2024 से 03.02.2025 तक यथानुपतिक आवश्यकता**	**01.10.2024 से 03.02.2025 तक उपलब्धता**	**01.10.2024 से 03.02.2025 तक बिक्री**
यूरिया	20.00	19.53	22.07	19.06
डीएपी	8.00	7.53	6.69	5.58
एमओपी	0.60	0.51	1.09	0.57
एनपीकेएस	6.00	5.29	5.74	4.85

<आंकड़े एलएमटी में>

रबी 2024-25 के दौरान 01.10.2024 से 03.02.2025 तक महाराष्ट्र में उर्वरक उपलब्धता की स्थिति				
उत्पाद	**मौसमी आवश्यकता**	**01.10.2024 से 03.02.2025 तक यथानुपतिक आवश्यकता**	**01.10.2024 से 03.02.2025 तक उपलब्धता**	**01.10.2024 से 03.02.2025 तक बिक्री**
यूरिया	10.00	6.67	13.22	8.15
डीएपी	2.50	1.74	2.89	2.11
एमओपी	1.00	0.65	1.87	0.79
एनपीकेएस	12.00	8.94	12.88	8.13

इसके अलावा, दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र से प्राप्त सूचना के अनुसार , यूरिया और डीएपी उर्वरकों की कोई कमी नहीं है जबकि किसानों द्वारा मांग न किए जाने के कारण संघ राज्य क्षेत्र में पोटाश उर्वरक नहीं बेचे जाते हैं।

(ग): यूरिया सब्सिडी स्कीम के अंतर्गत, वर्तमान में किसानों को यूरिया सांविधिक रूप से अधिसूचित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर उपलब्ध कराया जाता है। यूरिया की 45 किग्रा बोरी की एमआरपी 242 रुपए प्रति बोरी (नीम कोटिंग के प्रभार और यथा लागू कर को छोड़कर) है। फार्म गेट पर यूरिया की सुपुर्दगी लागत और यूरिया इकाइयों द्वारा निवल बाजार प्राप्ति के बीच के अंतर को भारत सरकार द्वारा यूरिया उत्पादक/आयातक को सब्सिडी के रूप में दिया जाता है। इसके अलावा, भारत सरकार ने पीएण्डके उर्वरकों के लिए उचित दिशा-निर्देश निर्धारित किए हैं जिनमें यह सुनिश्चित किया गया है कि पीएण्डके उर्वरक किसानों को उचित मूल्य पर उपलब्ध हों। तदनुसार, दादर और नगर हवेली सहित देश भर के सभी किसानों को सब्सिडी प्राप्त दरों पर उर्वरकों की आपूर्ति की जा रही है।

(घ) और (ड): चालू रबी मौसम 2024-25 (03.02.2025 तक) के दौरान यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस की उपलब्धता महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) जिले में पर्याप्त बनी रही है, जैसा कि नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है: –

दिनांक 1.10.2024 से 03.02.2025 तक औरंगाबाद जिले में यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस की आवश्यकता, प्राप्तियां, बिक्री और अंतिम स्टॉक (आँकड़े एमटी में)						
क्रं संख्या	**ग्रेड**	**01.10.2024 की स्थिति के अनुसार शुरुआती स्टॉक**	**01.10.2024 से 31.03.2025 तक मौसमी योजना**	**01.10.2024 से 03.02.2025 तक प्राप्तियां**	**03.02.2025 की स्थिति के अनुसार अंतिम स्टॉक**	**बिक्री**
1	यूरिया	32883	43492	30063	**19172**	43774
2	डीएपी	3229	8323	8163	**2685**	8707
3	एमओपी	2726	2869	3713	**3820**	2619
4	एनपीकेएस	32559	59670	28855	**22259**	39155

****